# हिन्दी अकादमी, दिल्ली

(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)
समुदाय भवन, पदम नगर, किशन गंज, दिल्ली–110007
ईमेल– **hindiacademyprogramme1@gmail.com**
दूरभाष : 20923002, 20923005

## नवोदित लेखक पुरस्कार प्रतियोगिता : 2024–25

हिन्दी अकादमी, **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली** के **18 से 35 वर्ष** के रचनाकारों से हिन्दी में **लेख, कहानी, कविता तथा एकांकी** की नवीन, मौलिक, अपुरस्कृत एवं अप्रकाशित, नैतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय संदर्भो में उपयोगी (केवल एक ही विधा में) रचनाएं पुरस्कार के लिए '**निर्धारित प्रपत्र**' में दस्ती रूप में भेजने के लिए नवोदित लेखन पुरस्कार प्रतियोगिता 2024–25 की समयावधि दिनांक 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाई जा रही है। संलग्न प्रपत्र व नियमावली के अनुसार अपनी प्रविष्टि हिंदी अकादमी के मुख्यालय में दिनांक 28 फरवरी 2025 सायं 6.00 बजे तक जमा करवा सकते हैं। प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अकादमी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है या अकादमी की वेबसाइट से भी लिया जा सकता है। प्रपत्र के साथ **रचना की चार प्रतियाँ, पास पोर्ट आकार की दो फोटो, पिछले तीन वर्षों से दिल्ली में रहने का प्रमाण तथा जन्म तिथि प्रमाण–पत्र** संलग्न करें।

प्रतियोगी दो आयु वर्गों में पुरस्कृत होंगे। प्रथम वर्ग में **18 से 24 वर्ष** तथा द्वितीय वर्ग में **25 से 35 वर्ष** की आयु के रचनाकार शामिल किये जाएंगे **(आयु की गणना 1 जनवरी 2025** के आधार पर की जाएगी)। दोनों वर्गों और प्रत्येक विधा के लिए पुरस्कार निम्न प्रकार से अलग–अलग होंगे।

वर्ग 'क'

| प्रथम | द्वितीय | तृतीय | प्रोत्साहन (दो) |
|---|---|---|---|
| 11,000/– | 7,000/– | 5000/– | 3,500/– |

वर्ग 'ख'

| प्रथम | द्वितीय | तृतीय | प्रोत्साहन (दो) |
|---|---|---|---|
| 15,000/– | 10,000/– | 9000/– | 5,000/– |

पुरस्कार प्रदान करने से पूर्व रचनाकारों का साक्षात्कार भी लिया जा सकता है। प्रतियोगिता की नियमावली और और प्रपत्र अकादमी की वेबसाइट hindiacademydelhi पर भी देखी जा सकती है।

संजय कुमार गर्ग

सचिव

## नवोदित लेखक पुरस्कार प्रतियोगिता 2024–25

### नियमावली

1. यह योजना केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के नागरिकों के लिए ही है।
2. प्रतियोगी कम से कम पिछले तीन साल से दिल्ली का निवासी होना चाहिए।
3. आयु की गणना 1 जनवरी, 2025 के आधार पर की जाएगी।
4. प्रतियोगिता के लिए भेजी गई रचना (कहानी, कविता, निबंध व एकांकी) लेखक की मौलिक (स्वरचित) रचना होनी चाहिए जिसका प्रतियोगिता में भेजने से पहले कहीं भी प्रकाशन नहीं हुआ हो अर्थात अप्रकाशित रचना ही स्वीकार्य होगी। और न ही कहीं पुरस्कृत होनी चाहिए।
5. प्रतियोगी (लेखक) अपने आयु वर्ग के अनुसार ही प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। एक प्रतियोगी केवल कहानी, कविता, निबंध व एकांकी में से केवल एक विधा में ही भाग ले सकता है।
6. प्रतियोगी को इस प्रतियागिता के प्रपत्र के साथ आवास, जन्म व रचना की मौलिकता, अप्रकाशित होने व अपुरस्कृत होने का स्वयं सत्यापित प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा और प्रपत्र में अपना एक पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो भी लगानी होगी।
7. प्रतियोगी को रचना की (टाइप की गयी) चार प्रतियाँ प्रतियोगिता के प्रपत्र के साथ जमा करानी होंगी। हाथ से लिखी रचना स्वीकार्य नहीं होगी।
8. रचना पर कहीं भी प्रतियोगी के नाम का उल्लेख नहीं होना चाहिए।
9. प्रत्येक वर्ग व विधा की जाँच तीन अलग–अलग जाँचकर्त्ताओं से करवाई जाएगी। उसके उपरांत अंतिम निर्णय तैयार किया जाएगा।
10. रचना की मौलिकता पर संदेह की स्थिति में प्रतियोगी का साक्षात्कार भी लिया जा सकता है।
11. निर्णय की सूचना केवल पुरस्कृत प्रतियोगियों को ही दी जाएगी। जिसमें पुरस्कार वितरण की तिथि, स्थान व समय का उल्लेख होगा।
12. पुरस्कार के संबंध में अकादमी का निर्णय अंतिम व मान्य होगा। जिसे कहीं भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।
13. पुरस्कृत रचनाओं को 'संभावना' शीर्षक से प्रकाशित किया जाएगा।

क्र.सं.............

फोटो

# हिन्दी अकादमी, दिल्ली

(कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, दिल्ली सरकार)
समुदाय भवन, पदम नगर, किशन गंज, दिल्ली–110007

## नवोदित लेखक पुरस्कार प्रतियोगिता 2024–25

### प्रपत्र

| | |
|---|---|
| आयु वर्ग | 18 से 24.... |
| | 25 से 35 वर्ष.... |
| वर्तमान आयु | ................................................ |
| विधा | कहानी / कविता / निबंध / एकांकी |
| रचना का शीर्षक | ........................................................ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रतियोगी का नाम | : | ........................................................................................ |
| 1. | अभिभावक / पिता / पति का नाम | : | ........................................................................................ |
| 2. | जन्म तिथि (10वीं के प्रमाण–पत्र की सत्यापित फोटो प्रति संलग्न करें) | : | ........................................................................................ |
| 3. | शिक्षा | : | ........................................................................................ |
| 4. | संप्रति | : | ........................................................................................ |
| 5. | घर का पूरा पता ( प्रमाण सत्यापन सहित) | : | ........................................................................................ |
| 6. | दूरभाष | : | ........................................................................................ |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित करता / करती हूँ कि इस प्रपत्र में संलग्न.........................................................नामक रचना पूर्णतः स्वरचित, नवीन, मौलिक, अपुरस्कृत व अप्रकाशित है। यह रचना इस प्रतियोगिता के अतिरिक्त अन्य कहीं नहीं भेजी गई है और न ही इस प्रतियोगिता के निर्णय तक कहीं भेजी जाएगी। मुझे इस प्रतियोगिता के सभी नियम व शर्तें मान्य हैं और इस संबंध में अकादमी का निर्णय स्वीकार्य होगा।

मैं यह भी प्रमाणित करता / करती हूँ कि ऊपर दी गई सूचना एवं तथ्य मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतः सत्य व सही है।

रचनाकार के हस्ताक्षर.........................................